हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 11 मई 2024

तापमान
अधिकतम 42.1 डिग्री
न्यूनतम 26.8 डिग्री

11 हरियाणा साइबर अपराधी पकड़ने में ...



12 शोधार्थी अपने आप को सामाजिक विकास से जोड़े



किराया हर महीने गारंटीड और कीमत बढ़ौतरी
44 फुट चौड़ी सड़के, पार्किंग व सीवर, पानी
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/
दुकान, कोठी व प्लॉट के लिए संपर्क करें
शुरू 11 लाख में दुकान
NOC ZONE पक्की रजिस्ट्री
M. 9832100038
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर

फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
@PPJEWELLERSROHTAK ppjewellersrohtak P.P. Jewellers Rohtak P.P. Jewellers Rohtak
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P. P. Jewellers रोहतक का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
35% की छूट हीरे की कीमत पर
सुनिश्चित उपहार जीतें। हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर। T&C APPLY
SUNDAY OPEN

## शहर में आज

- आर्य समाज रूप नगर में यज्ञ भजन और उपदेश सुबह 7 बजे से
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11 बजे से
- भाजपा का जनसंपर्क अभियान शुरू होगा सुबह 10 बजे से
- सेक्टर-1 के लोग पानी की समस्या को लेकर पार्षद से मिलेंगे दोपहर 1 बजे

## खबर संक्षेप

### मनोहर लाल आज बड़े चेहरों को भाजपा में शामिल कराएंगे

**रोहतक।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार को 10 बजे प्रदेश मुख्यालय मंगल कमल में पहुंचेंगे। इस दौरान वे कई बड़े नेताओं को पार्टी में शामिल करवाएंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल भाजपा के स्टार प्रचारक हैं। शुक्रवार को उन्होंने गन्नौर में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं को पार्टी में शामिल करवाने का काम किया। सूत्रों की माने तो मनोहर लाल कल प्रदेश के कई बड़े नेताओं को रोहतक में एक कार्यक्रम में पार्टी में शामिल करने का काम करेंगे। हालांकि सूत्रों ने इन नाम का खुलासा नहीं किया है, लेकिन बताया जाता है कि भाजपा में शामिल होने वालों में बड़े चेहरे हैं।

### मंदिर के दानपात्र से चोरी करने का आरोपी पकड़ा

**रोहतक।** पुलिस ने सनातन धर्म मंदिर गांधीनगर मे दानपात्र से चोरी की वारदात में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीजीआई एमएस थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि जवाहर नगर रोहतक निवासी हेमंत ने शिकायत दर्ज करवाई कि 8 अगस्त 2023 को सुबह करीब 5 बजे वह गांधी नगर मे सनातन धर्म मंदिर व बारात घर खोलने के लिए आया हुआ था। हेमंत ने मंदिर का गेट खोलकर देखा तो मंदिर से 7 दानपात्र चोरी हुए मिले व दरवाजा टूटा हुआ मिला। भगवान की मूर्ति से नोटों की माला गायब मिली। तलाश करने पर दानपात्र मंदिर के दक्षिण साइड वाले के गेट के पास मिले।

### शूटिंग प्रतियोगिता में समीक्षा ने जीता स्वर्ण

**सांपला।** सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय की छात्रा समीक्षा ने राष्ट्रीय सत्र की शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर गांव व कॉलेज का नाम रोशन किया। शुक्रवार को कॉलेज की तरफ से प्राचार्य डॉक्टर संतोष हुड्डा ने विजेता छात्र समीक्षा को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समीक्षा से अन्य छात्राओं ने भी प्रेरणा लेनी चाहिए। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पहले भी शूटिंग प्रतियोगिता में मेडल जीत चुकी है।

16 मई तक रहेगी परेशानी, चारों जलघरों में कुछ दिन के लिए ही पानी बचा

# कल से और ज्यादा होगी पानी की कटौती सूखी पड़ी हैं नहरें, एक समय हो रही सप्लाई

- शहर में करीब 203 कॉलोनियों और सेक्टर्स में इन दिनों पानी की गंभीर समस्या बनी हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

शहर में करीब 203 कॉलोनियों और सेक्टर्स में इन दिनों पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। कई दिनों से एक समय ही पानी सप्लाई किया जा रहा है। एक समय की सप्लाई के समय में भी कटौती कर दी गई है। 15 से 20 मिनट ही पानी सप्लाई किया जा रहा है। रविवार से पानी सप्लाई के समय में और भी कटौती की जा सकती है। यानी रविवार से आने वाले पांच दिनों तक पानी की ज्यादा किल्लत झेलनी पड़ेगी। कारण ये है कि भालौठ और जेएलएन नहर सूखी पड़ी हैं और करीब छह दिनों तक पानी आने की उम्मीद भी नहीं है। बताया जा रहा है कि 16 मई तक शहर को पानी की परेशानी ऐसे ही झेलनी पड़ेगी। इसके बाद पानी की सप्लाई पटरी पर आएगी।

**जेएलएन नहर सूखी एवं मटका फोड़कर विरोध जताते लोग**





रोहतक। जेएलएन नहर में पानी नहीं आने से सूखी पड़ी। प्रदर्शन करते हुए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के कार्यकर्ता।

### आज पार्षद से मिलेंगे

सेक्टर-1 हाउसिंग बोर्ड में शाम के समय पानी की स्पलाई नहीं दी जा रही। यहां रहने वाली संतरा, सुनीता, बीना, कविता और चंदा ने बताया कि पानी नहीं मिलने के कारण परेशानी हो रही है। शनिवार को पार्षद से मिलेंगे और समाधान करवाने की मांग करेंगे। जल्द ही पानी की सप्लाई दोनों समय शुरू नहीं की गई तो वे प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जाएंगे।

### पानी व्यर्थ बहाया तो चालान

जनस्वास्थ्य विभाग ने टीम बनाई है और शहर में चेकिंग भी की जा रही है। कोई भी व्यक्ति पानी व्यर्थ बहाते नजर आया तो चालान किया जाएगा। पेयजल से गाड़ी धोने वालों पर पिशेष नजरें रखी जा रही है। टीम ने सेक्टर में कई को नोटिस भी दिए हैं।

### दूषित पेयजल भी परेशानी

शहर में वैसे तो पानी की किल्लत बनी हुई है, लेकिन दूषित पानी उससे भी बड़ी समस्या बना हुआ है। पाड़ा मोहल्ले, हाउसिंग बोर्ड समेत कई कॉलेनियां ऐसी हैं, जहां दूषित पानी आ रहा है। जसबीर कॉलोनी की रहने वाली जगमति ने बताया कि दूषित पानी के कारण हालात बिगड़े हुए हैं। यहां के लोग कैंपर खरीदकर पानी पी रहे हैं।

### टैंकर मंगवाने को मजबूर

दिल्ली रोड पर एक होटल चलाने वाले अशोक हुड्डा ने बताया कि पूरे शहर में पानी की समस्या है। पार्षद को भी क्या कहें, उनका कार्याकाल खत्म हो चुका है। हम अपनी कॉलोनी में सभी लोग रुपये इकट्ठा करके टैंकर मंगवाते हैं। सरकार और प्रशासन को समस्या पर ध्यान देना चाहिए।

### शीला बाईपास पर पीने के पानी को लेकर फोड़े मटके

**रोहतक।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को शहर में पीने के पानी की समस्या का हल करवाने की मांग को लेकर खाली मटके फोड़े। डॉ. जगमति सांगवान ने बताया कि जसबीर स्मारक से जुलूस निकालकर छुट्टी का दिन होने की वजह से पब्लिक हेल्थ विभाग की बजाय शीला बाईपास चौक पर वर्तमान सरकार का एक खाली मटका फोड़कर व पुतला दहन करके पीने के पानी की समस्या पर आक्रोश प्रकट किया गया। उल्लेखनीय है कि शहर में गंदा पानी आने व पूरा पीने का पानी न मिलने से त्राहि त्राहि हुई है। परंतु निवर्तमान सांसद व उसके साथ घूम रहे पूर्व मंत्री इस समस्या पर मुंह तक नहीं खोल रहे। डॉ. जगमति ने कहा कि भाजपा के नेता अगर पीने के साफ पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता पर इतने संवेदनहीन हैं तो उन्हें वोट की चोट से सजा दी जाएगी।

# यूपी से पढ़ाई के लिए आई छात्रा से रोहतक में दुष्कर्म

इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे सहपाठी पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

यूपी से पढ़ाई के लिए के लिए रोहतक आई एक युवती के साथ झारखंड के युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। युवती 2013 में रोहतक आई तथा एक तननीकी संस्थान में दाखिला लिया। उसी संस्थान में पढ़ने वाले झारखंड के युवक पर झूठ बोलकर अपने कमरे पर बुलाने तथा वहां शादी का झांसा देकर जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया। छात्रा ने आरोपी पर गर्भवती होने पर शादी करने की बजाय उसका गर्भपात करवाने का आरोप लगाया। शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### छात्रा ने यह लगाए आरोप

यूपी निवासी छात्रा ने बताया कि उसने 2013 में तकनीकी संस्थान में दाखिला लिया था। जहां उसकी मुलाकात सीनियर झारखंड निवासी ऋषभ मिश्रा से हुई तथा एक दिन उसने अचानक उसके सामने शादी का प्रस्ताव रख दिया। जिसे उसने ठुकरा दिया। जिस पर आरोपी ने कहा कि वह परिवार की सहमति से ही शादी करेंगे। एक दिन आरोपी ने उसे फोन कर कमरे पर आए अपने माता पिता से मिलने के लिए बुलाया। जब वह कमरे पर गई तो वहां कोई नहीं था तथा आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर वीडियो बना ली और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।




यूपी में जीरो एफआई आर

### गर्भवती होने पर कर दिया इनकार

युवती ने बताया कि जब उसने अपनी जांच करवाई तो वह गर्भवती मिली तथा उसने ऋषभ से मिलकर शादी करने के लिए कहा। मेरे शादी करने की बात कहने पर ऋषभ शादी करने से मुकर गया। इसके बाद आरोपी ने उसे नशीली दवा खिलाकर उसका गर्भपात करवा दिया। जिसके बाद मैने अपने परिजनों को आपबीती बताई। युवती ने आरोपी के खिलाफ यूपी में जीरो एफआईआर करवाई। जिसे रोहतक सब्जी मंडी थाने को ट्रांसफर कर दिया गया है। रोहतक पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

# खरक जाटान में नाबालिग की शादी रुकवाई, बारात वापस गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिंद्र कौर ने खरक जाटान में नाबालिग की शादी रुकवाई है। लड़की की उम्र 18 साल होने में 14 दिन शेष थे। शादी रुकवाने के बाद बारात वापस चली गई। करमिंद्र कौर ने बताया कि पुलिस के पास शिकायत आई थी कि खरक जाटान में नाबालिग लड़की की शादी करवाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस और करमिंद्र कौर मौके पर पहुंचे और शादी रुकवाई। उन्होंने दोनों पक्षों को समझाया और लिखित में लिया कि बालिग होने तक वे शादी नहीं करेंगे।



रोहतक। परिजन को समझाते हुए संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिंद्र कौर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कसी कमर

# विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अधिकारी व कर्मचारी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर कर रहे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

उपायुक्त जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार के मार्गदर्शन में लोकसभा आम चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ जिला में स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता गतिविधियां जारी हैं। स्कूली विद्यार्थियों के अलावा एनसीसी कैडेट आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी निरंतर जागरूकता गतिविधियों में भाग ले रहे है। मतदाताओं को मतदाता शपथ भी दिलवाई जा रही है । डीसी ने कहा कि मतदाताओं को लोकसभा आम चुनाव में बढ़-चढक़र मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं से मतदान की अपील के अलावा मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। स्कूलों के माध्यम से अभिभावकों तक मतदान में हिस्सा लेने का संदेश पहुंचाया जा रहा है ताकि देश का लोकतंत्र और सुदृढ़ हो। स्कूलों के अलावा कॉलेज, विश्वविद्यालय, गैर सरकारी संस्थाओं, रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा भी नियमित अंतराल पर मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिले में 25 मई को मतदान होगा।







रोहतक। मतदाता जागरूकता रैली निकालते हुए विद्यार्थी। मतदान करने के लिए शपथ लेतीं महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### टेलीग्राम पर टास्क पूरा करने का झांसा दे 11 लाख रुपये ठगे थे आरोपी न्यायिक हिरासत में भेजा

**रोहतक।** पुलिस ने टेलीग्राम पर टास्क पूरा करने का झासा देकर 11 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया और रिमांड अवधि समाप्त होने पर न्यायिक हिरासत भेजा गया है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि प्रधान मोहल्ला के अनिल ने शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि 5 अगस्त 2023 को अनिल के पास व्हाटसअप पर एक मैसेज आया, जिसमें अनिल को टेलीग्राम एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए कहा गया। अनिल के टेलीग्राम एप्लीकेशन डाउनलोड करने के बाद ट्यूटर बनकर बात करने वाले एनजला और ताजदींक ने एक लिंक भेजा जो होटल व ढाबों के रिव्यूज को रेंटिग करने को कहा। अनिल को टास्क पूरा करने पर 50 रुपये देने की बात कही और दिन में 20 टास्क पूरा करने का टारगेट बोला। बाद में अनिल को 5000 रुपये लगाने को कहा और 6500 रुपे वापस मिलने का झांसा दिया।



मामला मई 2023 का | 8 जनवरी से एनकाउंटर को लेकर चरखी दादरी जिले में धरना-प्रदर्शन किया था

# एनकाउंटर मामले में न्याय नहीं मिला तो पिलाना गांव के लोग नहीं करेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

एंकाउंटर और दस लाख रुपये ऐंठने के मामले में न्याय न मिलने व देरी होने पर पिलाना की पंचायत लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला लिया है। उनका कहना है कि उन्हें मतदान की तारीख तक न्याय नहीं मिला तो पूरा गांव वोट नहीं डालेगा। बता दें कि मामला प्रेम विवाह से जुड़ा हुआ है। इस गांव पिलाना की लड़की ने चरखीदादरी के गांव ऊन के लड़के के कारण शादी की थी। बाद में लड़की पक्ष के कुछ लोगों ने लड़की पर गोलियां चला दी थी। मामला मई 2023 का है। उस समय यह घटना सुर्खियों में छाई रही। बाद में पुलिस ने आरोपियों का पकड़ा, लेकिन एक आरोपी का एनकाउंटर कर उसे गोली भी मारी। गांव वालों का आरोप है कि पुलिस ने यह एनकाउंटर फर्जी किया और दूसरे आरोपियों के परिवार वालों से 10 लाख रुपये भी ऐंठ लिए। यह मामला दो जिलों से जुड़ा हुआ है। धरना प्रदर्शन भी चलता रहा। अब शुक्रवार को सरपंच ने ग्रामीणों सहित शिकायतकर्ता के साथ चरखीदादरी के डीसी कौर से मुलाकात की और शिकायतकर्ता पक्ष की तरफ से केस की अगुवाई कर रहे अधिवक्ता संजीव तक्षक की अगुवाई में लिखित पत्र देकर निष्पक्ष जांच करने की मांग की।



### कार्रवाई नहीं हो रही

जिला परिषद रोहतक के वार्ड नम्बर-14 के जिला पार्षद सोनू पिलाना ने भी गांव पिलाना की तरफ से उपायुक्त चरखी दादरी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा। संजीव तक्षक ने काफी समय बीत जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा कोई निष्पक्ष कार्रवाई पर कोई अमलीजामा नहीं पहनाया गया है। इस मामले में ग्राम पंचायत पिलाना व अन्य खाप पंचायतों सहित सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा आंदोलन तक किया जा चुका है।

### ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश

अधिवक्ता संजीव तक्षक ने आगे बताया कि आंदोलन करने के बाद जांच एसटीआई झज्जर को सौंपी गई थी, उन द्वारा भी कोई सकारात्मक कार्रवाई ना करने के बाद जांच पुनः चरखी दादरी पुलिस प्रशासन के पास वापस आ गई, लेकिन अब चरखी दादरी पुलिस द्वारा पीड़ित पक्ष को कार्रवाई करने बाबत कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया जा रहा है, मामले को ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश की जा रही है।

### निष्पक्ष जांच की मांग

पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली से नाराज होकर ग्राम पंचायत पिलाना के सरपंच की अध्यक्षता में ग्रामीण एकत्रित हुए और सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि चुनाव तक यदि इस मामले में न्याय नहीं मिला तो वे 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। इसलिए ग्राम पंचायत पिलाना के सरपंच एवं ग्रामीणों ने उपायुक्त मनदीप कौर से आग्रह किया है कि मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए निष्पक्ष जांच करवाएं।


### आश्वासन मिला

उपायुक्त ने लिखित पत्र व ज्ञापन को डीसी रोहतक व चुनाव आयोग के साथ-साथ हरियाणा सरकार को प्रेषित करने की बात कही और कहा कि आपकी बात सरकार व उच्चाधिकारियों तक जल्द ही पहुंचाने का कार्य करेगी। दूसरी ओर मौके पर ही एसपी से बात की और मामले की जांच कर रहे डीएसपी बाढ़डा से भी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए। जिस पर डीएसपी बाढ़डा ने सोमवार को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया।


पोलर बियर 100 में से औसतन सिर्फ 2 बार ही अपने शिकार को पकड़ पाते हैं।


बोटो गुलाबी रंग के डॉलफिन की दुर्लभ प्रजाति है जो अमेज़न नदी में पायी जाती है।

# क्या है बॉम्बे आर्ट कोर्स, कैसे बनाएं करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

कला संस्कृति हमारे भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सदियों से चला आ रहा है। वर्तमान समय में भी बड़े पैमाने पर कला संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत के कोने कोने में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान है जो कला से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान देते हैं तथा विभिन्न प्रकार की डिग्री प्रदान करते हैं जिसके आधार पर विद्यार्थी कला से संबंधित कार्य करते हैं और लोगों को जागरूक करते हैं अथवा कला से संबंधित अध्यापक बनते हैं। अगर आप का भी सपना कला विषय से संबंधित अध्यापक बनना है तो आप भी मुंबई आर्ट्स का कोर्स कर सकते हैं।

## युवाओं की पहली पसंद

आज के समय में कला संस्कृति का रंग रूप थोड़ा बदल चुका है, जिससे सदियों से चली आ रही कला संस्कृति के साथ-साथ वर्तमान कला संस्कृति और अत्याधुनिक तकनीकी वाली कला संस्कृति के मिश्रण की वजह से आज के समय में हमें कला के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नए-नए रंग रूप देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा कला के क्षेत्र में अपना करियर जोड़ना चाहते हैं। अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प ढूंढ रहे हैं। कला के क्षेत्र में आगे बढ़ कर आप तरह-तरह के कला से संबंधित कलात्मक कार्य कर सकते हैं अथवा आर्ट्स के संबंध में अध्यापक बन सकते हैं। ऐसा अब तक लाखों युवा कर चुके हैं और लाखों युवा कर भी रहे हैं। अगर आपके अंदर कोई भी हुनर है तो आप उस आधार पर कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उससे संबंधित कोर्स करके डिग्री हासिल कर सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। बता दें कि आज के समय में विभिन्न प्रकार के विषय कला क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ऐसी स्थिति में आपके अंदर हर किसी छोटे बड़े हुनर या कलात्मक कार्य का अनुभव आपको बेहतरीन बना सकता है। कटनी में भारत में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले कला पर आधारित आयोजन एवं दर्शनी मुखिया रूप से दिखाई देते हैं। इसके अलावा कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के पद भी आज के समय में हमें देखने को मिलते हैं तो आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## क्या है कोर्स

बॉम्बे आर्ट एक सर्टिफिकेट कोर्स है जो कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी कला के क्षेत्र में शिक्षक बन सकता है इसके लिए उन्हें बीएड डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। बिना बीएड डिग्री के भी मुंबई आर्ट कोर्स करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान और स्कूल में पढ़ा सकता है और इसके लिए कोई दूसरी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। इस बात से आप मुंबई आर्ट कोर्स की महत्वता समझ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट एक शिक्षण संस्थान है जो बॉम्बे आर्ट सर्टिफिकेट डिप्लोमा की डिग्री प्रदान करवाता है। महाराष्ट्र सरकार ने सबसे पहले भारत में मुंबई में इसकी शुरुआत की थी इस शिक्षण संस्थान का उद्देश्य विलुप्त हो रहे कला संस्कृति को फिर से उजागर करना और नए रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना है। वर्तमान समय में बॉम्बे आर्ट पब्लिक ऑग्रेनाइजेश है जो पूरे भारत में फैला हुआ है तथा कोई भी संस्थान इसकी फ्रेचाइज ले सकता है। इस शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य कलात्मक शिक्षा का प्रचार करना है। इससे बिजनेस भी किया जाता है और तरह-तरह के पद भी उत्पन्न होते हैं। आज के समय में जहां हमें प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए बहुत बड़े कंपीटिशन से गुजरना होता है।

## कोर्स के लिए जरूरी योग्यता

किसी भी कोर्स को करने के लिए या उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उससे संबंधित योग्यता का होना अति आवश्यक है। इसीलिए अगर आप बॉम्बे आर्ट के तहत आर्ट क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आपके पास इससे संबंधित कुछ योग्यताएं अथवा पत्रता होनी चाहिए जिसके आधार पर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। यह इस बात को भी प्रमाणित कर देगा कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपके पास क्या है और क्या आप वास्तव में इस क्षेत्र में कुछ कर पाएंगे या नहीं। बॉम्बे आर्ट के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित है।

- इस कोर्स को करने के लिए कम से कम 12 वीं पास होना आवश्यक है।
- विद्यार्थी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा पास करके इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है।
- बारहवीं कक्षा आर्ट्स सब्जेक्ट से पास की हुई है तो बेहतर रहेगा।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी के मन में कला विषय से संबंधित रुचि होनी चाहिए।
- किसी भी प्रकार का कला से संबंधित हुनर के आधार पर इस कोर्स को कर सकते हैं।
- कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने वालों को बॉम्बे आर्ट कोर्स अवश्य करना चाहिए।

**कैसे करें कोर्स :** कला के क्षेत्र से संबंध रखने वाला बॉम्बे आर्ट कोर्स वर्तमान समय में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कोर्स को करने के लिए आपके पास कुछ योग्यता और पात्रता होने चाहिए इसके अलावा कुछ जरूरी दस्तावेजों के आधार पर आप आसानी से कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट कोर्स करने के लिए आपको सबसे महत्वपूर्ण इस बात पर ध्यान देना होगा कि आपके अंदर कौन सा हुनर हैं। आप कला के क्षेत्र से संबंधित कौन सा कार्य करना जानते हैं या आपका किस कार्य में मन लगता है। उस आधार पर ही आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। अगर आप पहले से ही बॉम्बे आर्ट कोर्स करना चाहते हैं तो सबसे पहले कला वर्ग से 12वीं कक्षा 50% अंकों के साथ पास करें किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा कला वर्ग से पास करने के बाद आप महाराष्ट्र में मुंबई स्थित बॉम्बे आर्ट शिक्षण संस्थान अथवा इसकी फ्रेंचाइज के तहत बॉम्बे आर्ट कोर्स कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि संपूर्ण भारत में सबसे पहले महाराष्ट्र सरकार ने ही शिक्षण संस्थान की शुरुआत की लेकिन हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसी तरह के एक शिक्षण संस्थान की शुरुआत की है जो इसी तरह आर्ट्स की डिग्री उपलब्ध कराती है, जिससे बिना बीएड की डिग्री के विद्यार्थी कला विषय से संबंधित अध्यापक बन सकते हैं।

### अच्छी सैलरी के साथ-साथ पशु प्रेम दिखाने का मौका मिलता

# पशु-पक्षियों की सेवा की भावना रखते हैं तो पशु चिकित्सक में बनाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## बड़े स्तर पर मिलते जॉब के ऑप्शन



पशु चिकित्सक (वेटरनरी डॉक्टर) पशु पक्षियों का उपचार करता है जिस तरह से मनुष्यों का इलाज करने के लिए भारत और दुनिया भर में तरह-तरह के डॉक्टर पाए जाते हैं, ठीक उसी प्रकार पशु पक्षियों का इलाज करने के लिए भी डॉक्टर होते हैं उन्हें पशु चिकित्सक या पशु डॉक्टर कहते हैं। विज्ञान में पशु चिकित्सक की एक श्रेणी है, जिसके अंतर्गत पशु और पक्षियों का इलाज करवाया जाता है। आज का समय पूरी तरह से बदल चुका है आज से 500 वर्ष आज के समय की तरह अविष्कार उपचार इत्यादि कुछ भी नहीं थे, लेकिन आज मनुष्य का हर तरह से इलाज किया जाता है। आज के समय में गंभीर से गंभीर बीमारी का इलाज कर दिया जाता है। विभिन्न प्रकार के तरीकों से हर संभव प्रयास करके मनुष्य को बचाया जाता है। इसी तकनीकी और एजाज के विस्तार के आधार पर विज्ञान आधारित पशु चिकित्सक प्रणाली भी बनाई गई है, जिसके तहत पशु एवं पक्षियों का इलाज भी करवाया जाता है।



## सदियों से पशुओं की सेवा की जाती


हमारे भारत में जहां सदियों सदियों से पशु पक्षियों की सेवा की जाती आ रही है। लेकिन विदेशों में आज के समय में लोग पशु पक्षियों के प्रति प्रेम दिखाते हैं कुछ पशु पक्षियों का पालन करते हैं। इसी आधार पर संपूर्ण दुनिया में पशु चिकित्सक प्रणाली का विस्तार हुआ है। वर्तमान समय में दुनिया भर में पशु चिकित्सक बने हुए हैं। पशुओं के अस्पताल बने हुए हैं। इसीलिए वहां पर पशुओं के उपचार के लिए शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान समय में लगभग प्रत्येक पशु पक्षी का उपचार करना संभव है। आज के समय में शिक्षा पद्धति और विकास के नए पशु पक्षियों का इलाज किया जा रहा है, तो आजकल पूरी जानकारी के साथ विस्तार से बताएंगे कि पशु चिकित्सक कैसे बनें?

## क्या होता है पशु चिकित्सा

*जिस तरह से मनुष्य का इलाज करने हेतु विज्ञान में चिकित्सा की एक पद्धति है। ठीक उसी प्रकार विज्ञान के अंतर्गत पशु एवं पक्षियों का इलाज और उसका उपचार करने के लिए चिकित्सा की एक विशेष शाखा मौजूद है जिसे पशु चिकित्सा कहते हैं। मनुष्यों की तरह पशु पक्षियों में भी समय-समय पर तरह-तरह की बीमारियां उत्पन्न होती है। उन्हें भी तरह के रोग होते हैं। इसके अलावा चोट लगना घाव लगना शरीर के अंग का कटना तथा विभिन्न प्रकार की शारीरिक समस्याओं से पशु पक्षियों को बचाने के लिए विज्ञान की शिक्षा पद्धति के आधार पर इनका उपचार करने हेतु पशु चिकित्सा होती है। पशु एवं पक्षियों का विभिन्न प्रकार का इलाज करने के लिए शिक्षा पद्धति को ग्रहण करना होता है। उसके बाद ही कोई भी व्यक्ति पशु चिकित्सक बनकर पशुओं का इलाज कर सकता है। आज के समय में लोग पशु और पक्षियों को काफी महत्वता दे रहे हैं इसीलिए बड़े पैमाने पर लोग पशु चिकित्सक बनना चाहते हैं। आज के समय में पशु चिकित्सक बनकर लोग एक बेहतरीन करियर विकल्प देखते हैं क्योंकि सरकार की तरफ से संपूर्ण भारत में जगह जगह पर पशु चिकित्सालय आरंभ किए गए हैं। इसके अलावा पशु चिकित्सक आने पर भी सरकार द्वारा जोड़ दिया जा रहा है। पशु चिकित्सक को अच्छी सैलरी मिलती है। इसीलिए आज के समय में अधिकांश चिकित्सक बनना चाहते हैं।*

## जरूरी योग्यता

- *विद्यार्थी को कम से कम दसवीं कक्षा पास करनी होगी।*
- *दसवीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सा के क्षेत्र में डिप्लोमा की डिग्री हासिल करनी होगी।*
- *12वीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सक बनाने के लिए कम से कम 50% अंक हासिल करने होंगे।*
- *बारहवीं कक्षा जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान के तहत पास करनी होगी।*
- *पशु चिकित्सक बनने के लिए एआईपीवीटी या नीट यूजी एंट्रेंस एग्जाम को पास करना होगा।*



## पशु चिकित्सक शिक्षण संस्थान में आवेदन

- आप जिस यूनिवर्सिटी से पशु चिकित्सक का कोर्स करना चाहते हैं, उसे यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करें।
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर अपना अकाउंट बनाएं।
- अब यूजर नेम और पासवर्ड की मदद से लॉगिन करें।
- अब यूनिवर्सिटी की ऑफिसल वेबसाइट पर उस कोर्स का चयन करें, जैसे आप करना चाहते हैं।
- अब होम पेज पर आपको संबंधित सभी शैक्षणिक योग्यता दिखा दी जाएगी।
- अब आपके सामने आवेदन फार्म खुल जाएगा।
- आवेदन फार्म को सही तरह से भरें तथा संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करें।
- अब प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें।
- रजिस्ट्रेशन करने के बाद आपका प्रवेश परीक्षा के लिए नामांकन स्वीकार हो जाएगा।
- अब प्रवेश परीक्षा पास करके शिक्षण संस्थान में पशु चिकित्सा का कोर्स कर सकते हैं।

## 10वीं के बाद पशु चिकित्सक कैसे बनें

पशु चिकित्सक बनाने के लिए दसवीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम का चयन करके पशु चिकित्सक बन सकते हैं। दसवीं कक्षा पास करने के बाद वेटरनरी डॉक्टर बनने के लिए निर्धारित किए गए सभी कोर्स को भारत के विभिन्न शिक्षण संस्थान से कर सकते हैं। जैसे– भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली। पशु चिकित्सा महाविद्यालय तमिलनाडु। वेंकटेश्वर पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय तिरुपति। पशु चिकित्सा महाविद्यालय बेंगलुरु इत्यादि देश के विभिन्न पशु चिकित्सालय संस्थान से डिप्लोमा कर सकते हैं। इन सभी पाठ्यक्रम के अंतर्गत पशु चिकित्सा में डिप्लोमा की डिग्री प्राप्त करने के बाद ऑल इंडिया प्री वेटरनरी टेस्ट देकर पशु चिकित्सा में बैचलर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इसमें डिप्लोमा इन वेटरनरी फार्मेसी, डिप्लोमा इन एनिमल हसबेंडरी एंड डेयरिंग, डिप्लोमा इन वेटरनरी अस्सिटेंट, डिप्लोमा इन वेटरनरी लैब टेक्नीशियन जैसे पाठक्रम निर्धारित किए गए हैं।

## 12 वीं के बाद पशु चिकित्सक कैसे बनें

12वीं कक्षा पास करने के बाद अगर आप पशु चिकित्सक बनना चाहते हैं, तो आपको केमिस्ट्री, बायोलॉजी और फिजिक्स जैसे प्रमुख विषयों के अंतर्गत पास करनी होगी। महत्वपूर्ण विषयों से 12वीं कक्षा पास करने के बाद देश के विभिन्न बड़े और प्रमुख शिक्षण संस्थान में आवेदन लेकर पशु चिकित्सा के अंतर्गत बैचलर की डिग्री हासिल कर सकते हैं। पशु चिकित्सक बनने के लिए 12वीं कक्षा के पास करने के बाद निर्धारित किए गए पाठ्यक्रम निम्नलिखित हैं। बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस, बेचलर ऑफ वेटरनरी मेडिसन, बेचलर ऑफ बायो वेटरनरी साइंस, बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस इन एनिमल हेल्थ, बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस इन बायो वेटरनरी(ऑनर्स), बेचलर ऑफ प्री वेटरनरी मेडिकल साइंस ।

## पशु चिकित्सक संस्थान

- भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली
- राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, कर्नल
- पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान कॉलेज, बीकानेर
- सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
- मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई
- अन्नामलाई विश्वविद्यालय, चिदंबरम
- चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस
- गोविंद बल्लभपंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंत नगर
- जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, जूनागढ़ी

# निष्पक्ष तरीके उम्मीदवार चयनित करने में संख्यात्मक प्रणाली मददगार



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

संख्यात्मक आधार पर नौकरी के चयन में अक्सर अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग किया जाता है। यह अंक या ग्रेड उम्मीदवारों के प्रदर्शन को मापने और मूल्यांकन करने के लिए होते हैं। इस प्रकार की प्रक्रिया में, हर उम्मीदवार को एक निश्चित संख्या या ग्रेड अनुमति दी जाती है, जो उनके क्षमताओं, योग्यताओं, और अनुभव को आधार मानकर निर्धारित किया जाता है। इसमें विभिन्न प्रकार के परीक्षण, साक्षात्कार, और कौशल मापन के माध्यम से उम्मीदवारों का मूल्यांकन किया जाता है। अंक या ग्रेड का उपयोग उम्मीदवारों की प्रतिभा को सार्वजनिक रूप से मापने के लिए किया जाता है। यह संख्यात्मक प्रणाली कंपनियों को विश्वसनीय और निष्पक्ष तरीके उम्मीदवारों को चयनित करने में मदद करती है।

## न्याय को बनाए रखने में मदद करती

इस प्रकार, अंक या ग्रेडिंग के माध्यम से संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन एक स्वाभाविक और संवेदनशील प्रक्रिया होती है, जो न केवल उम्मीदवारों को न्याय से मूल्यांकन करती है, बल्कि समाज में समानता और न्याय को भी बनाए रखने में मदद करती है। प्रतिस्पर्धा युवा पीढ़ी की संपूर्ण व्यक्तित्व पर सीधे प्रभाव डालती है, चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक। इसका सकारात्मक प्रभाव है कि यह उन्हें अपने लक्ष्यों की ओर प्रेरित करती है और उन्हें अपनी क्षमताओं को स्थायीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करती है। प्रतिस्पर्धा की भावना युवाओं में अभिनय की भावना को बढ़ाती है, जो उन्हें सफलता की दिशा में अग्रसर बनाती है। यह उन्हें सामाजिक और व्यक्तिगत स्तर पर अधिक सक्रिय बनाती है और सामूहिक योजनाओं में भागीदारी को बढ़ावा देती है। हालांकि, प्रतिस्पर्धा का नकारात्मक प्रभाव भी हो सकता है। यह युवाओं को अतिरिक्त तनाव और दबाव में डाल सकता है, जो उनकी मानसिक स्वस्थता को प्रभावित कर सकता है। समान क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के दबाव ने कई युवाओं को आत्म-विश्वास की कमी, चिंता और चिंता का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा, प्रतिस्पर्धा के दौरान युवाओं के बीच सामाजिक दूरी और असन्तोष की भावना भी बढ़ सकती है। इसलिए, प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक रूप से देखने का महत्व है, लेकिन समानता और सहयोग की भावना को भी महत्व देना चाहिए। युवाओं को समझाया जाना चाहिए कि प्रतिस्पर्धा केवल एक अधिकार है, न कि उनकी आत्म-मूल्य का मापदंड। साथ ही, उन्हें स्वास्थ्यपूर्ण प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिसमें सहयोग, समानता, और सम्मान का वातावरण हो। संख्यात्मक आधार पर नौकरी के चयन में अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग किया जाना एक प्रमुख प्रक्रिया है जो उम्मीदवारों के प्रदर्शन को मापती है। यह अंक या ग्रेड उम्मीदवारों के कौशल, योग्यता, और अनुभव को मूल्यांकित करने में मदद करते हैं।

**प्रतिस्पर्धा की बढ़ती भावना:** संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन करने में अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग, उम्मीदवारों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ा सकता है। यह उन्हें अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने और सफलता प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रेरित कर सकता है।

**आत्म-मूल्यांकन की भावना:** अंकों या ग्रेडिंग के प्राप्ति से उम्मीदवार अपनी क्षमताओं और क्षमताओं का मूल्यांकन करते हैं। यह उन्हें अपने स्वयं के लिए स्वावलंबी और सक्षम महसूस करने में मदद कर सकता है।

## मानसिक स्वास्थ्य को करती प्रभावित

संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन करते समय, उम्मीदवारों को अपने कौशलों और योग्यताओं के दावों को समर्थित करने में दबाव महसूस हो सकता है। यह उन्हें अधिक अतिरिक्त काम करने के लिए प्रेरित कर सकता है। कम अंकों की स्थिति में स्वाभाविक आत्म-संदेह स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जो युवाओं को डिप्रेशन की ओर ले जाती है। यह सामाजिक प्रतिस्पर्धा की भावना, स्वाभिमान का नुकसान, और अधिकतर मामूली असफलताओं के लिए अपने आप को दोषी मानने की भावना से जुड़ा हो सकता है। यह अवस्था युवाओं की मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है और उन्हें डिप्रेशन, तनाव, और अन्य मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इस समस्या को हल करने में मेंटर्स और अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। मेंटर्स या गुरुओं का उद्दीपन, उनके मार्गदर्शन, और समर्थन से युवा अपनी आत्म-संदेह को पराजित कर सकते हैं। मेंटर्स उन्हें संभावितताओं को देखने और समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे उन्हें सामान्यतः से बड़े दृष्टिकोण से समस्याओं को देखने और समाधान करने की कला सिखा सकते हैं। अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है, क्योंकि वे अपने बच्चों को आत्म-संदेह की स्थिति से बाहर आने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे अपने बच्चों को समर्थन प्रदान करते हैं, उन्हें समस्याओं का सामना करने के लिए उत्तेजित करते हैं, और उन्हें उनके क्षमताओं और पोटेंशियल के प्रति आत्म-विश्वास दिलाते हैं। साथ ही, मेंटल हेल्थ के लिए सामाजिक समर्थन का महत्व भी होता है। इसलिए, युवाओं को उनके परिवार, मित्र, और समुदाय के साथ संवाद करने और उनसे सहारा लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। सम्भवतः उपर्युक्त उपायों के माध्यम से, युवाओं को आत्म-संदेह की स्थिति से निकालने में मेंटर्स और अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप



### बसपा के लोकसभा प्रभारी अड़ीचंद कांग्रेस में शामिल

**रोहतक।** कांग्रेस विधायक दल के चीफ व्हीप भारत भूषण बतरा ने कहा कि भाजपा जनता का विश्वास खो चुकी है। लोकसभा चुनाव में हरियाणा की 10 सीटों पर इंडिया गठबंधन का प्रभाव नजर आ रहा है। बतरा कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र सिंह हुड्डा के समर्थन में एकता कॉलोनी में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा प्रभारी अड़ीचंद निमड़िया ने परिवार सहित बसपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कांग्रेस में आगमन पर अड़ीचंद निमडिया का स्वागत किया।

### जयंती पर महाराणा प्रताप को किया नमन



**रोहतक।** महाराणा प्रताप को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए हेडगेवार स्मारक समिति के सदस्य।

**रोहतक।** डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा महाराणा प्रताप जयंती माधव कुंज हुडा कांप्लेक्स में आयोजित की गई। सभी ने महाराणा प्रताप को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। समिति के उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि महाराणा प्रताप को मुगल साम्राज्य के विस्तारवाद के खिलाफ और उनके सैन्य प्रतिरोध और हल्दीघाटी की लड़ाई और दवेर की लड़ाई में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जाना जाता है। महाराणा प्रताप अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम रखने वाले एक बहादुर और देशभक्त राजपूत थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुरेंद्र ने की। इस मौके पर अशोक गुप्ता, गणपत राय गोयल, रविंद्र सक्सेना, संजय, रमन, चिराग, सुजीत सहित अन्य उपस्थित रहे।

## साइबर सेल ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में किया सराहनीय कार्य

# हरियाणा साइबर अपराधी पकड़ने में देश में अव्वल

- दीक्षांत समारोह में भूतपूर्व सैनिक काडर के 452 सिपाहियों की 8 टुकड़ियों ने किया मार्च पास्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

साइबर अपराध से निपटने के लिए हर जिले में साइबर थाना बनाया गया है। साइबर सेल ने पूरे देश में साइबर अपराध रोकने में सबसे बेहतरीन कार्य किया है। इस संदर्भ में 1930 हेल्पलाइन पर तैनात टीम ने बेहतरीन काम किया है। इन सभी के प्रयासों से हरियाणा साइबर क्राइम के अपराधियों को पकड़ने के लिए देश में सबसे अव्वल स्थान पर है। ये बात हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कही। उन्होंने शुक्रवार को पुलिस ट्रेंनिंग सेंटर सुनारिया के पीओपी ग्राउंड में आयोजित एक्स सर्विसमैन के रिक्रूटमेंट के बेसिक कोर्स बैच नंबर एस-14 की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया व सलामी ली। शत्रुजीत कपूर ने कहा कि इस बैच में सभी 452 सिपाही एक्स सर्विसमैन है। इन्होंने सेना में प्रशिक्षण प्राप्त करके देश की सेवा की है। इनका अनुभव अब प्रदेश के नागरिकों को भी मिलेगा। आज की इस परेड में इन जवानों ने अपने कर्तव्य के पथ पर जान की परवाह ना करने की भी जो शपथ ली है, उसे अपने पूरे सेवाकाल के दौरान याद रखना है।



### हौसला बढ़ाया

उन्होंने नवनियुक्त सिपाहियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि समाज को पुलिस से सेवा, सुरक्षा व सहयोग की अपेक्षा रहती है। उनकी इन अपेक्षाओं के मापदंडों पर खरा उतरने के लिए पुलिस का हर जवान पूरी कर्तव्यनिष्ठा से कार्य कर रहा है। इस नए बैच को अपने नियुक्ति स्थान पर कर्तव्यनिष्ठा की इस समृद्ध परम्परा को लगातार आगे बढ़ाना है।

### नशा तस्करों के खिलाफ हो रही सख्त कार्रवाई

उन्होंने कहा कि हर जिले में महिला सुरक्षा के मद्देनजर महिला थाना व महिला डेस्क स्थापित किये गए है। प्रदेश में नशे के कारोबार को पूरी तरह से खत्म करने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए विशेष हरियाणा राज्य नारकोटिक्स बोर्ड बनाया है, जो हर जिले में नशा मुक्ति अभियान चलाने के साथ-साथ नशे के कारोबार में लिप्त नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर रहा है।

### दीक्षांत समारोह प्रत्येक वर्दीधारी के लिए है स्वर्ण

रोहतक मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक केके राव ने कहा कि दीक्षांत समारोह प्रत्येक वर्दीधारी के लिए स्वर्ण है। उन्होंने सभी 452 सिपाहियों को उनके 6 माह के पुलिस प्रशिक्षण के पूरे होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक्स सर्विसमैन के इस बैच के सिपाहियों ने अब तक देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपना योगदान दिया है। अब इनका अनुभव प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाने में उपयोग किया जायेगा। उन्होंने पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में चलाये जा रहे विभिन्न कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 30 अक्टूबर 2023 को आरंभ हुए इस बैच में 452 जवान शामिल हैं। ये सभी जवान अपनी सेवाएं भारतीय सेना में देकर प्रदेश पुलिस में शामिल हुए हैं। इनमें 50 पोस्ट ग्रेजुएट तथा 295 ग्रेजुएट, 82 जवान 12वीं व 25 जवान दसवीं पास हैं। इस बैच में 451 जवान हरियाणा प्रदेश व 1 जवान दिल्ली राज्य का निवासी है। इनमें 401 ग्रामीण व 51 शहरी पृष्ठभूमि से हैं। इन जवानों को नवीनतम पाठ्यक्रमानुसार प्रशिक्षित किया गया है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने कहा कि आज पुलिस प्रशिक्षण केंद्र से लगभग 450 से भी अधिक एक्स सर्विसमैन पुलिस जवान की ट्रेनिंग लेकर पुलिस फोर्स में भर्ती हुए है। पुलिस विभाग लोकसभा आम चुनाव 2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयरहित माहौल में करवाने के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए विभाग के पास पर्याप्त पुलिस बल है। इसके साथ-साथ पैरामिलिट्री फोर्स, हरियाणा आर्मड फोर्स, सीआरपीएफ की टीम आदि सभी मिलकर अच्छा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करवायेंगे। पुलिस संहिता के नए कानूनों को लागू होने के संदर्भ में कहा कि इन कानूनों को सही तरीके से लागू करने के लिए विभाग द्वारा पूरी तैयारी की गई है। इन कानूनों के बारे में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए हर थाने पर मास्टर ट्रेनर तैयार किये जा रहे है, जिन्हें प्रत्येक थाने में नियुक्त किया जायेगा। पुलिस संहिता के नए कानून आगामी 30 जून के बाद 1 जुलाई से लागू होंगे।



### नकद पुरस्कार से सम्मानित

दीक्षांत परेड समारोह में एक्स सर्विसमैन काडर के 452 सिपाहियों की 8 टुकड़ी ने मार्च पास्ट किया। डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने प्रशिक्षण के दौरान प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सिपाही नवीन को 51000 रुपये का नकद पुरस्कार, सिपाही जसविंदर को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 31000 रुपये नकद पुरस्कार तथा सिपाही अमनपाल को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 21000 रुपये का नकद पुरस्कार व प्रशंसा पत्र दिया। इसके साथ-साथ डीजीपी ने प्रशिक्षक एएसआई सुशील कुमार व प्रशिक्षक एएसआई तेज सिंह को भी पुरस्कृत किया।

### पुलिस का नाम रोशन करेंगे

डीआईजी शिवचरण अत्री ने कहा कि आज इस केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त किए सभी सिपाही अपने अच्छे आचरण व सद्भावना व ईमानदारी से लोगों की सेवा करते हुए पुलिस का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने बताया कि इन जवानों को प्रशिक्षण के दौरान कानून, अन्वेषण, साइबर अपराध, स्मार्ट पुलिसिंग, महिलाओं, बच्चों एवं समाज के कमजोर वर्गों के साथ संवेदनशील व्यवहार, नागरिक हितैषी दृष्टिकोण, योग, ड्रिल के साथ-साथ आधुनिक हथियारों के परिचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। मंच संचालन उप निरीक्षक रामकुमार (सेवानिवृत) ने किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रोहतक मंडल व सुनारिया स्थित पुलिस परिसर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक केके राव, पुलिस ट्रेनिंग केंद्र के पुलिस उप महानिरीक्षक शिव चरण अत्री, रोहतक के पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, चरखी दादरी की पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार, सुनारिया स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के पुलिस अधीक्षक ध्यान चंद, कमांडेंट थर्ड आईआरबी सुनारिया एंड वुमेन बटालियन सुनारिया भारती डबास, सहायक निदेशक आरएफएसएल पीसी सुनारिया दलबीर, डीएवी स्कूल सुनारिया की प्राचार्या रीना सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लें

- जयंती कार्यक्रम में गुरुकुल के विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लाढौत रोड स्थित गुरुकुल विश्वभारती में शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर काव्यपाठ व भाषण सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुकुल के संस्थापक एवं संचालक आचार्य हरिदत्त उपाध्याय ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओपी वशिष्ठ व सत्यसिंह धनखड़ रहे। उन्होंने गुरुकुल के विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया तथा स्वतंत्रता व निष्पक्ष पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। मंच संचालन करते हुए अंग्रेजी प्रवक्ता विजय रुहेला ने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्म वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हुआ था। जन्म के समय इनका नाम राम रखा गया था, बाद में भगवान शिव से परशु नामक अस्त्र प्राप्त करने के बाद ये परशुराम कहलाए। हमें भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर गुरुकुल निदेशक आचार्य नंदकिशोर, अधिष्ठाता नंदलाल, प्राचार्य संजय कौशिक सहित अन्य उपस्थित रहे।



**रोहतक।** कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।

### सेक्टर -2 में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**रोहतक।** खनगवाल इलेक्ट्रो होम्योपैथी हेल्थ केयर सेंटर द्वारा सेक्टर-2 में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर रविवार को लगाया जाएगा। इसमें इलेक्ट्रो होम्योपैथी के एक्सपर्ट डॉक्टर भाग लेंगे और कैंसर, गुर्दा रोग, पथरी, छाती की गांठ, थायराइड, बच्चेदानी की गांठ, अस्थमा जैसी बीमारियों का इलाज करेंगे। मुख्य अतिथि एएएमसी ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ. महिपाल और हरियाणवी सिंगर रोनी रमन होंगे। डॉ. विनोद खनगवाल, डॉ. उषा खनगवाल, डॉ. विनोद तोबड़िया, डॉ. मीणा तोबडिया, डॉ. शिव कुमार, डॉ. एएस दांगी, डॉ. शिवानी, डॉ. मुकेश दत्त, डॉ. एस मलिक सेवाएं देंगे। आयोजक डॉ. विनोद खनगवाल ने बताया कि कैंप में दवाइयां निःशुल्क दी जाएंगी।

## 17 छात्रों ने पास की एनडीए की परीक्षा

- एचडी स्कूल में परिणाम आते ही छाई खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में यूपीएससी द्वारा एनडीए की लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही खुशी की लहर छा गई। स्कूल के 17 छात्र इस परीक्षा को पास करके आगामी एसएसबी के लिए चयनित हुए हैं। अमित, निशांत, हरीश, धीरज, दीक्षित, अक्षित, हर्ष, अनिकेत, सौम्य, मोहित, कुनाल, भूमिका, आकाश, विवेक, दिशांत, अश्विनी, अमन ने परीक्षा पास की है। स्कूल निदेशक सुरेंद्र फौगाट ने बताया कि हर साल प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने वाले छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही हैं और इसका श्रेय विद्यालय के अनुभवी व प्रशिक्षित अध्यापकों को जाता है। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों की सफलता का श्रेय स्कूल प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष कोचिंग को दिया है। उन्होंने बताया कि स्कूल में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे आईआईटी (जेईई मेन्स व एडवांसड), एनडीए, मिलट्री, एयर फोर्स व एनटीएसई. आदि की तैयारी करवाई जाती है। प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। स्कूल निदेशक सुरेंद्र फौगाट व प्रधानाचार्य दुलाल देब ने सभी छात्रों व उनके अभिभावकों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## गुरु की शरण लेने वाले का जीवन होता है आनंदमय

- परशुराम जयंती पर संकट मोचन मंदिर में सत्संग और कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में शुक्रवार को अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती पर सत्संग और कीर्तन का आयोजन हुआ। गद्दीनशीन व ज्योतिषाचार्य साध्वी मानेश्वरी देवी ने सत्संग करते हुए भक्तों को बताया कि इस दिन कोई भी शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने कहा कि जिसने गुरू की शरण ली उसका जीवन आनंदमय हो गया। साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान परशुराम का जन्म त्रेता युग में माना जाता है। त्रेता युग को रामायण काल भी कहा जाता है। रामायण, महाभारत, भागवत पुराण, कल्कि पुराण, हरिवंश पुराण, अध्यात्म रामायण आदि विभिन्न ग्रंथों में भगवान परशुराम अवतार की कथा का वर्णन है। भगवान विष्णु के 10 अवतारों में परशुराम को छठा अवतार माना जाता है। परशुराम को विष्णु का आवेशावतार भी कहा जाता है। भगवान परशुराम को भगवान विष्णु और शिव का संयुक्त अवतार माना जाता है। शिव से उन्होंने संहार लिया और विष्णु से उन्होंने पालक के गुण प्राप्त किए।

उन्होंने कहा कि अध्यात्म रामायण में कहा गया है कि जब राक्षसों ने क्षत्रिय का रूप धारण करके जन्म लिया और वह पृथ्वी पर अनाचार और अत्याचार करके भूमि पर भार बन गए तब भगवान विष्णु ने परशुराम का अवतार धारण किया और उन दुष्ट राक्षसों को कई बार मारा और पृथ्वी को उनके भार से मुक्त किया।



**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती पर सत्संग में प्रवचन देते साध्वी मानेश्वरी देवी ।

## हवन कर मनाया परशुराम जन्मोत्सव

- दतौड़ गांव में परशुराम समिति ने हवन में डाली आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

दतौड गांव में शुक्रवार को परशुराम समिति द्वारा जयंती मनाई गई। सुबह हवन किया गया। जिसमें लोगों ने हवन में आहुति डालकर भगवान परशुराम को याद किया।

उसके बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। समिति के प्रधान सतीश कौशिक ने बताया कि समिति की तरफ से हर वर्ष जयंती मनाई जाती है। इस मौके पर महंत राजनारायण गिरि, होशियार सिहं कौशिक, जितेन्द्र कुलताना, पूर्व सरपंच रामानन्द कौशिक, सरपंच राकेश, सतीश कौशिक, बलराम शर्मा, जयप्रकाश भारद्वाज, सजींत पाराशर, ललित कौशिक, धर्मबीर कौशिक व सुनिल कौशिक मौजूद रहे।



**सांपला।** हवन में आहुति डालते हुए।

### जयंती पर पौधरोपण किया

**रोहतक।** भगवान श्रीपरशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के उपलक्ष पर शुक्रवार को समाजसेवी अश्वनी वशिष्ठ एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा पंडित भगवत दयाल स्मारक स्थल पीजीआईएमएस प्रागंण में पौधारोपण किया गया। अश्वनी वशिष्ठ ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। ताकि हमारी आने वाली भावी पीढ़ी सुरक्षित रहे। जीवन में सभी लोगों को एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लेने की जरूरत है। आज के समय में तेजी से जंगल कट रहे हैं। जिससे कारण प्रर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं हो पा रही है, इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पेड लगाने की जरूरत है।

## देव हिंदू मंच ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

# विष्णु के अवतार और शिव के परम भक्त थे भगवान परशुराम

- देव हिंदू मंच ने धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

देव हिंदू मंच के तत्वावधान सेक्टर 2 में परशुराम जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। मंच के सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक के नेतृत्व में भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्पअर्पित कर उन्हें नमन किया। दलजीत मलिक ने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के अवतार और शिव के परम भक्त थे। उन्होंने हमेशा समाज हित में काम किये। उनका प्रकृति एवं पशु पक्षियों के साथ जीवंत संबंध था। भगवान परशुराम अपने व्यवहार से हिंसक वन्य प्राणियों को भी अपना मित्र बना लेते थे। उन्होंने कहा कि आज हम सबको उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश सेवा करनी चाहिए। यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसके साथ-साथ दलजीत मलिक ने युवाओं को नशे से दूर रहने व शिक्षा के साथ-साथ खेलों में अपना भविष्य सुरक्षित करने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजीव शर्मा, महामंत्री रणबीर सिंह, जिला अध्यक्ष अशोक दलाल, पंडित मानू, रविंद्र कौशिक, मनोज शर्मा, रवि शर्मा, कमल कौशिक सहित अन्य मौजूद रहे।

### भगवान परशुराम को किया नमन

**रोहतक।** महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट द्वारा निशुल्क वैवाहिक परिचय सेवा केंद्र हुडा कांप्लेक्स में परशुराम जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई, समिति के सदस्यों ने भगवान परशुराम के चित्र पर माला अर्पण कर उनको नमन किया। इस मौके पर अशोक कुमार गुप्ता ने अपने विचार रखे और बताया कि भगवान परशुराम विष्णु के अवतार और शिव के परम भक्त थे, इन्हें शिव से विशेष परशु प्राप्त हुआ था, इनका नाम तो राम था किंतु शंकर द्वारा प्रदत अमोघ परशु को सदैव धारण किए रहने के कारण यह परशुराम कहलाते थे। परशुराम त्रेता युग के एक ऋषि थे, उनका प्रकृति एवं पशु पक्षियों के साथ जीवंत संबंध था। यह पशु-पक्षियों की बोली को समझते थे तथा उनसे बात करने में भी पारंगत थे। भगवान परशुराम अपने व्यवहार से कई हिंसक वन्य प्राणियों को भी अपना मित्र बना लेते थे।इस मौके देशराज बंसल, सुरेश तायल, राजन गोयल, गणपत राय गोयल, अशोक गुप्ता, राहुल पंडित, सूरज आदि उपस्थित रहे।




**रोहतक।** भगवान परशुराम के चित्र पर माला अर्पण कर उनको नमन करते हुए महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट के सदस्य। फोटो : हरिभूमि न्यूज



**रोहतक।** परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते देव हिंदू मंच के पदाधिकारी।

## कई कॉलोनियों में बिजली गुल



**रोहतक।** शुक्रवार को देर शाम तेज आंधी और हल्की बूंदाबांदी के चलते कई कॉलोनियों में बिजली गुल रही। इस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खासकर गृहणियों को अपने दैनिक कामकाज निबटाने में दिक्कतें उठानी पड़ी। हालांकि मौसम सुहाना होने से गर्मी से काफी राहत भी मिली।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- B.A.M.S. DOCTOR 4
- R.M.O. 6
- COMPUTER OPERATOR 4
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- NURSING STAFF 10
- WARD BOY 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

# चुनाव के दौरान नकदी व शराब पर प्रशासन रखेगा कड़ी नजर

## पुलिस शहर में जगह-जगह नाके लगाकर कर रही वाहनों की जांच





रोहतक। प्रशासनिक अधिकारियों की मीटिंग लेते सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी और जिला विकास भवन स्थित सभागार में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लोकसभा चुनाव के लिए अब मतदान के पंद्रह दिन शेष बचे हैं। 25 मई को लोग वोट डालकर अपना प्रतिनिधि संसद भेजेंगे। इस प्रक्रिया में प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने के लिए धनबल और शराब वगैरह का सहारा ना लें। इसके लिए चुनाव आयोग की कड़ी नजर है। शहर में जहां-जहां पुलिस नाका लगाए जा चुके हैं, वहां वाहनों की चैकिंग की जा रही है।

विशेषकर रात में तो चैकिंग गहनता से की जाती है। ताकि कोई भी उम्मीदवार धनबल का प्रयोग करके इलेक्शन की सुचिता को भंग ना कर दे। नाकों पर स्पष्ट हिदायते हैं कि जिस भी वाहन और व्यक्ति पर थोड़ा सा भी संदेह हो, उसकी बारीकी से जांच की जाए।

रोहतक प्रशासन ने अभी तक इलेक्शन को लेकर क्या-क्या तैयारियां की हैं। इसके लिए शुक्रवार को रोहतक रोहतक लोकसभा के सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी ने प्रशासनिक अधिकारियों की मीटिंग ली। जिसमें डॉ. रेड्डी ने कहा कि अफसर नगदी और शराब पैनी नजर बनाए रखेंगे। फ्लाइंग स्कवेड टीमें व स्टैटिक सर्विसलेंस टीमें गंभीरता के साथ अपनी ड्यूटी करेंगी। टीमों के सभी सदस्य ड्यूटी के समय अपने नाके या निर्धारित स्थल पर उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा नाका से गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग की सही तरीके से वीडियोग्राफी करें। डॉ. प्रभाकर ने शुक्रवार को जिला विकास भवन स्थित सभागार में रोहतक लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग तथा अन्य अधिकारियों के साथ एफएसटी व एसएसटी टीमों को भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों की जानकारी दे रहे थे।

सामान्य डॉ.एन प्रभाकर पर्यवेक्षक ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति गाड़ी में 50 हजार रुपये से अधिक नकद राशि लेकर चले और उसके पास इस कैश की सही रसीद या दस्तावेज नहीं है तो इस कैश को नियमानुसार जब्त करें। यदि 10 लाख रुपये से ज्यादा कैश बरामद होता है तो इसकी सूचना आयकर विभाग को दें। यदि बिना अनुमति किसी प्रकार की चुनाव सामग्री छपवाई गई है और वह नाका पर पकड़ी जाती है, तो तुरंत जब्त करें। उन्होंने बताया कि कहा कि ड्यूटी के समय टीम के सभी सदस्य पहचान पत्र पहनकर रखें। उन्होंने कहा कि जीपीएस के माध्यम से टीम के प्रत्येक सदस्य की लोकेशन दर्ज हो रही है। इसलिए सभी ईमानदारी व गंभीरता से ड्यूटी का निर्वहन करें। मीटिंग में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि नामांकन पत्र की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद एफएसटी व एसएसटी टीमों की संख्या बढ़ाई गई है। अब जिला की चारों विधानसभाओं में 36 एफएसटी तथा 36 एसएसटी कार्य कर रही है। सभी टीमों का दायित्व महत्वपूर्ण है। इसलिए सक्रिय होकर चुनाव ड्यूटी का निर्वहन करें।

### वाहन में 50 हजार रुपये ज्यादा कैश न हो

जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक वाहन में 50 हजार रुपये ज्यादा कैश तथा 10000 रुपये से ज्यादा संख्या में प्रचार सामग्री मिलने पर तुरंत जब्त किया जाएं। शुक्रवार की बैठक में पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने कहा कि टीम के सदस्य पुलिस अधिकारियों के साथ तालमेल बढ़ाकर ड्यूटी अवधि के दौरान सक्रिय रहे। नाका पर वाहन चेकिंग के दौरान कैश, ड्रग्स, हथियार इत्यादि को अलग-अलग तरीके से जब्त किया जाता है। यदि किसी वाहन से कैश या अन्य ऐसी सामग्री प्राप्त होती है, जिससे जब्त करना है तो संबंधित पुलिस थाना को मौके पर बुलाकर आवश्यक कार्यवाही करें।

### बैठक में ये रहे मौजूद

अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, सहायक आयुक्त अंडर ट्रेनिंग अभिनव सिवाच, रोहतक विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी आशीष कुमार, महम विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी दलबीर फोगाट, गढ़ी-सांपला-किलोई विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुभाष चंद्र जून, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह मलिक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी व नगराधीश अंकित कुमार, डीएसपी संदीप कुमार व जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा मीटिंग में मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अनाज मंडी कलानौर जनसभा के लिए मुकर्रर

रोहतक। जिलाधीश-कम-रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने लोकसभा आम चुनाव के दौरान विभिन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा जनसभाएं व चुनाव प्रचार करने के लिए कलानौर स्थित बसाना रोड स्थित अनाज मंडी को जनसभा के लिए अधिसूचित किया गया है। इससे पूर्व जिलाधीश द्वारा 17 ऐसे मैदान या जगह सूचित की गई थी।

### गुरु अंगद देव का प्रकाश पर्व मनाया



रोहतक। गुरुद्वारा बंगला साहिब में गुरु अंगद देव साहिब का प्रकाश पर्व सत्कार से मनाया गया। हरप्रीत सिंह मुक्तसर साहिब वालों ने गुरबानी कीर्तन कर संगतों को निहाल किया। समागम में संगत ने गुरू के समक्ष माथा टेका। इस अवसर पर सरदार अवतार सिंह खुराना, सिमरन खुराना, महेंद्र सिंह ढींगरा, प्रिंस, परमजीत सिंह सचिव, अवतार सिंह कोचर, मोहनजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



रोहतक। विभिन्न प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या सुषमा सुहाग। फोटो : हरिभूमि

### राइम में अर्जुन, कविता पाठ में हर्षिता प्रथम

रोहतक। मातृत्व को सम्मानित करने के लिए शुक्रवार को वैश्य पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम में 130 से भी अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। राइम प्रतियोगिता में अर्जुन प्रथम, मिशिका द्वितीय, धैर्य तृतीय एवं अर्थव ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कविता पाठ में हर्षिता, दिव्या, शिक्षा और पूर्णिमा विजेता रहे। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में छवि ने पहला, अनुराग ने दूसरा, दक्ष ने तीसरा और मेधांश ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। फायरलेस कुकिंग में सस्कृति, वंश, परी, भाविका आदि ने पुरस्कार हासिल किया। प्राचार्या सुषमा सुहाग ने सभी माताओं का आभार व्यक्त। उन्होंने कहा कि मां बच्चों की परवरिश के साथ-साथ अपनी पहचान को न भूलें।



रोहतक। रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि समाज सेवी राजेश जैन ,महामंडलेश्वर विश्वेश्वरानंद व थानेशवर दास महाराज। फोटो : हरिभूमि

## शिविर में 41 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आपके साथ एक नई शुरूआत संस्था एवं भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा अक्षत तृतीया भगवान परशुराम जन्मोत्सव के मौके पर रक्तदान व मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजेश जैन ने कहा कि जीवन बचाने के लिए रक्तदान और राष्ट्र निर्माण के लिए मतदान अति आवश्यक है। हम जिस देश में रहते हैं उसके लिए हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है।

गजेंद्र फौगाट ने कहा कि रक्तदान सेवा का सबसे बड़ा कार्य है। ईश्वर भारतीय ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अवश्य मतदान करें। वहीं डॉ. आशुतोष कौशिक व संयोजक जेपी गौड़ ने बताया कि शिविर में 41 लोगों ने रक्तदान किया, जिसमें 25 युवा रक्तदाता रहे, जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर विश्वेश्वरानंद, स्वामी गोबिंद करतार, थानेशवर दास महाराज, पंडित नरेश गौड़, पंडित गुलशन शर्मा, विकास शर्मा, रमेश गौड़, डॉ. सीएस नागर, कमलेश राणा, डॉ. गोपाल कृष्ण, डॉ. दिनेश शर्मा, जगत सिंह गिल, अश्वनी वशिष्ट, सुंदर जेटली, गोबिंद राम सिंघल, आशीष, सन्नी निझावनी, विकास कौशिक सहित अन्य मौजूद रहे

### वैदिक धर्म प्रचार महोत्सव का हुआ शुभारंभ



रोहतक। आर्य समाज रूप नगर न्यास के 43वें स्थापना दिवस पर तीन दिवसयी वैदिक धर्म प्रचार महोत्सव का प्रारंभ शुक्रवार को हवन यज्ञ के साथ हुआ। कानपुर से आए आचार्य रवींद्र के निर्देशन में संपन्न हुए यज्ञ में बीस परिवारों ने यजमान बनकर स्वयं यज्ञ किया। सहारनपुर से आए मुकेश राज ने भक्ति में मन, परहित में तन, जब तेरा हो जाएगा तब तुझको अपने दिल में ही परमात्मा मिल जाएगा और माला रट ले बंदे तू ओम नाम की जैसे भक्ति रस के भजनों से श्रोताओं को आनंदित किया।

### मॉडल स्कूल में मदर्स डे पर किया मां का वंदन



रोहतक। आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर 'मदर्स डे' मनाया। नर्सरी से पहली कक्षा के बच्चों ने मां को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तो वहीं विद्यार्थियों की माताओं ने भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पीजीआईएमएस की बाल -रोग विशेषज्ञ डॉ. पूनम दलाल शामिल हुई। विशेष अतिथि के रूप में कान्हा किड्स प्ले स्कूल प्रमुख प्रतिभा मौजूद रही। दूसरी से पांचवीं तक के बच्चों ने अपनी मां के लिए शुभकामना संदेश लिखकर कार्ड , हैंगिग, फूल, चॉकलेट बैग और फूलों के गुलदस्ते बनाए। कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने कागज, मोती ,लेस का प्रयोग करके अपनी मां के लिए ताज तथा अनेकों प्रकार के गहने बनाए। मां के लिए नेकलेस बनाते हुए मानो उन्होंने अपना सारा प्रेम मोतियों में पिरो दिया । नौंवी और दसवीं के विद्यार्थियों ने सैश बनाकर तथा कप सजाकर अपने उद्गार व्यक्त किए । ग्यारहवीं - बारहवीं के विद्यार्थियों ने खूबसूरत संदेशों से ओत - प्रोत वीडियो बनाए । जब खूबसूरत तोहफ़े तैयार हो गए तो उछलते कूदते बच्चे घर जा रहे थे कि 'मदर्स डे ' पर ये सब चीजें वे अपनी मां को उपहार स्वरूप देंगे ।

### कंसाला सरकारी स्कूल के छात्रों को बेड-गुड टच की जानकारी दी



रोहतक। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा शुक्रवार को गांव कंसाला स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व राजकीय उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों को जागरूकता शिविर में बाल अधिकारों, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, डायल 112 व किशोर न्याय अधिनियम के बारे में जागरूक किया गया। जागरूकता शिविर का आयोजन जिला बाल संरक्षण अधिकारी की अध्यक्षता में तथा विद्यालय की प्राचार्या व स्टाफ के सहयोग से किया गया। शिविर में अधिकारी संतोष कुमारी ने जेजे एक्ट व पोक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जागरूकता शिविर के दौरान बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में समझाया गया कि नाबालिग बच्चियों को यदि कोई गलत नजर से देखता है तो तुरंत टीचर या माता-पिता को यह बात बतानी चाहिए ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। ऐसी स्थिति में बच्चों को डरना नहीं चाहिए बल्कि ना कहकर या चिल्ला कर अपना बचाव करना चाहिए। हर नागरिक अपने आस-पड़ोस व घर में अपने से छोटे बच्चों को भी इस विषय में जागरूक करने का प्रयास करें ताकि बच्चों को अप्रिय घटना से बचाया जा सके।विभाग से अमित ने बच्चों को बाल अधिकार, बाल विवाह व डायल 112 के बारे में जानकारी दी।

### भाजपा की सरकार बनते ही मेट्रो प्रोजेक्ट को करवाएंगे पूराः शर्मा



रोहतक। गढ़ी सांपला किलोई हल्के के गांव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद अरविंद शर्मा।

रोहतक। भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने शुक्रवार को गढ़ी-सांपला-किलोई विधानसभा क्षेत्र के गांवों में आयोजित जनसंपर्क अभियान चलाया। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि रोहतक तक मेट्रो लाना उनका लक्ष्य है, जिसे हर हाल में पूरा किया जाएगा, हरियाणा सरकार आसौदा तक तो मेट्रो की मंजूरी दे चुकी है और भाजपा सरकार बनते ही इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा और रोहतक तक मेट्रो को लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महम-हांसी रेलवे लाइन को लेकर दीपेंद्र हुड्डा झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस ने तो 2009 से लेकर 2014 तक प्रोजेक्ट को लटकाया रखा और भाजपा सत्ता में आने के बाद इसे पूरा किया गया है। सांसद ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में तो पूर्व सीएम हुड्डा ने गढ़ी सांपला किलोई हल्के के लोगों के साथ विश्वासघात किया और विपक्ष में रहने के दौरान एक बार भी विधानसभा में हल्के के विकास के लिए आवाज तक नहीं उठाई, और अब सीएम बनने की बात कहकर लोगों को गुमराह कर रहे है। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलकर और लोगों को गुमराह करके चुनाव जीतना चाहती है। भाजपा सरकार ने आज गुंडागर्दी पूरी तरह से खत्म कर दिया है। पहले जिस प्रकार लोग किसी की भी जमीन पर कब्जा कर लेते थे, बाजारों में गुंडागर्दी करते थे और सरेआम लोगों को धमकी दी जाती थी, वह सब समाप्त हो गई है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों, गरीब मजदूरों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों, युवाओं की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने के बाद इन लोगों को आगे बढ़ाने की दिशा में नीतियों को बनाया और उन्हें लागू किया। पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक भाजपा सरकार ने योजनाओं का लाभ पहुंचाया है, जबकि कांग्रेस ने देश को तोडने और लोगों के साथ अन्याय करने का काम किया है।

## इंटरनेशनल नर्सेज-डे मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



केवीएम नर्सिंग कॉलेज में शुक्रवार को इंटरनेशनल नर्सेज-डे का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ पीजीआईएमएस की डीन फेकल्टी ऑफ नर्सिंग प्रोफेसर सुनीता कुमारी ने किया। कॉलेज के डायरेक्टर मिस्टर कर्मवीर मायना ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में बतौर चीफ गेस्ट प्रोफेसर सुनीता कुमारी ने विद्यार्थियों को नर्सेज-डे की थीम इकोनॉमिकल पावर ऑफ केयर पर रोशनी डाली। नर्सिंग स्टूडेंट्स को अपने प्रोफेशन को ऊंचा उठाने के लिए प्रोत्साहित किया और यह भी बताया कि हमारा नर्सिंग प्रोफेशन मेडिकल, सामुदायिक मिलिट्री, एब्रॉड इत्यादि कई उपलबब्धि हासिल कर चुका है। प्रिंसिपल ज्योति शर्मा ने भी नर्सिंग विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें हर फील्ड में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजन के दौरान रंगोली, पोस्टर मेकिंग, स्पीच कम्पीटिशन और डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## भाजपा सरकार को समर्थन देने वाले विधायक सरकार से नाराज : दीपेंद्र



झज्जर। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित करते दीपेंद्र हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा ने शुक्रवार को झज्जर हलके के गांव खेड़ी खुम्मार, खातीवास, रुडियावास, नौगांवा, सासरौली, मालियावास, बिरोहड़, कालियावास, खाचरौली, सेहलंगा, ढहलानवास, झामरी, बाजितपुर, खोरड़ा, बहु, खेड़ा थरु, खानपुर कलां, चेहडा, खानपुर खुर्द, गोरिया आदि में चुनाव प्रचार किया व सभाओं को संबोधित करके लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि इस सरकार से कोई वर्ग खुश नहीं है, यहां तक कि सरकार को समर्थन देने वाले विधायक भी सरकार से नाराज हैं। तभी 3 निर्दलीय विधायकों ने बीजेपी से समर्थन वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बहुमत के लिए आवश्यक 45 विधायक भाजपा के पास नहीं हैं, इसलिए विधानसभा भंग हो, राष्ट्रपति शासन लागू हो, नए चुनाव कराए जाएं। इस दौरान विधायक गीता भुक्कल, राजस्थान से कांग्रेस विधायक शिखा बराला मौजूद रहीं। हरियाणा की भाजपा सरकार के पांच लड़खड़ा चुके हैं। जनता का वोट एक हैं, लेकिन इस चुनाव में चोट दो होंगी। यहां की जीत वाया दिल्ली चंडीगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाएगी। अपने काम गिनवाते हुए दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि उन्होंने एम्स-2 बाढ़सा में एशिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य परिसर का प्रस्ताव भारत सरकार से मंजूर कराया, जिसमें राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के अलावा हजारों करोड़ रुपये की लागत वाले राष्ट्रीय महत्व के 10 अन्य संस्थान भी मंजूर कराए। इसके अलावा जसौर खेड़ी में अंतरराष्ट्रीय नाभिकीय विश्वविद्यालय (जीसीएनईपी) मंजूर कराकर निर्माण कराया।



### निबंध लेखन में जागृति व धनाक्षी रही अव्वल

रोहतक। सिटी हाई स्कूल में भारत विकास परिषद रोहतक शाखा द्वारा गत दिनों विक्रमी नव संवत महत्व विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। जिसके विजेता बच्चों को वीरवार को सम्मानित किया गया। इसमें कनिष्ठ वर्ग में प्रथम जागृति, द्वितीय साक्षी एवं तृतीय स्थान प्रबलीन ने हासिल किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान धनाक्षी, द्वितीय स्थान खुशबू एवं तृतीय स्थान साक्षी ने प्राप्त किया। सभी विजेता बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक अशोक गुप्ता ने राष्ट्रहित और सशक्त भारत के निर्माण के लिए वोट डालने के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि एक-एक वोट देश का भविष्य तय करता है। इस मौके पर संयोजक अशोक कुमार गुप्ता, गणपत राय गोयल, अजना शर्मा, मीरा शर्मा, श्वेता शर्मा, विजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### सात दिवसीय कार्यशाला संपन्न, कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने किया संबोधित

## शोधार्थी अपने आपको सामाजिक विकास से जोड़ेंः कुलपति

- कुलपति ने शोध में विषय चयन, शोध करने की विधि, तथ्य संकलन और निष्कर्ष को महत्त्वपूर्ण बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





रोहतक। कार्यशाला के समापन पर विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान करते कुलपति प्रो . राजबीर सिंह । फोटो : हरिभूमि

उत्कृष्ट शोध के लिए पुस्तकालय, प्रयोगशाला और फील्ड से जुड़ें। शोधार्थी मौलिक और मूल्यवान शोध कार्य करें। यह उद्गार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने आज फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज, फैकल्टी ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज तथा चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज के संयुक्त तत्वावधान में स्वराज सदन में- रिसर्च मैथोडोलॉजी विषय पर संचालित सात दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र में व्यक्त किए। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शोधार्थियों को शोध के मूल उद्देश्य से रूबरू करवाते हुए कहा कि शोधार्थी ऐसा शोध कार्य करें, जिसका सामाजिक प्रभाव हों। उन्होंने शोधार्थियों को शोध को सामाजिक विकास से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने शोध में विषय चयन, शोध करने की विधि, तथ्य संकलन और निष्कर्ष को महत्त्वपूर्ण बताया। कुलपति ने शोधार्थियों को जिज्ञासु प्रवृत्ति विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस कार्यशाला में शामिल प्रतिभागी शोधार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए और इस कार्यशाला के आयोजकों को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डीन, फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज एवं कार्यशाला कंवीनर प्रो. राजेश धनखड़ ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया। कार्यशाला कोआर्डिनेटर डॉ. नीलकमल ने कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट की निदेशिका प्रो. सोनिया मलिक ने कहा कि संस्थान विवि में शोध संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने संस्थान द्वारा आयोजित की जाने वाली गतिविधियों बारे ब्रीफिंग दी।फैकल्टी ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज के डीन एवं कार्यशाला कंवीनर प्रो. एस.सी. मलिक ने बताया कि इस कार्यशाला में शोधार्थियों को शोध के विभिन्न पहलुओं बारे व्यावहारिक जानकारी दी गई। शोधार्थियों ने कार्यशाला बारे फीडबैक देते हुए इसे उपयोगी बताया। कार्यशाला कोआर्डिनेटर प्रो. विनीता शुक्ला ने आभार जताया। इस अवसर पर फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज तथा फैकल्टी ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज के प्राध्यापक एवं प्रतिभागी शोधार्थी उपस्थित रहे।इससे पूर्व सुबह के दो सत्रों में वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, देहरादून के प्रो. वीपी उनियाल ने- इंवर्टेब्रेट्स एज इंडिकेटर्स फॉर मॉनिटरिंग इकोसिस्टम हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज तथा रोल ऑफ वाइल्डलाइफ फोरेंसिक इन कॉम्बेटिंग इलिगल वाइल्डलाइफ ट्रेड विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। डॉ. सपना तथा डॉ. मुकेश तंवर ने इन सत्रों की अध्यक्षता की। दोपहर बाद के सत्र में जुंगा, हिमाचल प्रदेश के डॉ. विवेक सहजपाल ने- डीएनए प्रोफाइलिंग एंड इट्स एप्लीकेशन्स विषय पर विस्तार से अपनी बात रखी। डॉ. समुन्द्र कौशिक ने इस सत्र की अध्यक्षता की।